## एक नजर में



### सांदीपनि विद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र का हुआ आगाज

**ग्वालियर 1 अप्रैल.** डीडी नगर मुरार स्थित सांदीपनि शासकीय मॉडल उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार 1 अप्रैल को नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 का उत्साहपूर्वक माहौल में आगाज हुआ। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय परिवार ने नए छात्र-छात्राओं का भारतीय परंपरा के अनुसार स्वागत कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य रणजीत सिंह चौहान, उप-प्राचार्य अहिवरन सिंह कुशवाह एवं प्रधानाध्यापक देशराज सिंह ने विद्या की देवी मां सरस्वती के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया। विद्यालय की शिक्षिकाएं नीलम चौहान एवं ममता शर्मा द्वारा सरस्वती वंदना की गई। विद्यालय के शिक्षकों ने नए बच्चों के माथे पर रोली का तिलक लगाकर और उन पर पुष्प वर्षा कर विद्यालय परिवार में स्वागत किया। इस अवसर पर प्राचार्य, उप-प्राचार्य और प्रधानाध्यापक ने अपने कर कमलों से छात्र-छात्राओं को नए सत्र की पाठ्य-पुस्तकें वितरित कीं। नई किताबें पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। संचालन करते हुए ओम प्रभाकर चौधरी ने जीवन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और बच्चों को नए सत्र में कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में संस्था के प्राचार्य रणजीत सिंह चौहान ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

### सतीश जैन बने संगठन मंत्री

**ग्वालियर 1 अप्रैल.** भारत विकास परिषद (सेन्ट्रल रीजन) में अपनी कर्तव्य परायणता एवं कुशल प्रबंधन के लिए विशिष्ट पहचान रखने वाले 'विकास रत्न' सतीश कुमार जैन (चीफ मैनेजर, विजिलेंस (रिटायर्ड) एस बी आई, ग्वालियर को मध्य भारत उत्तर प्रांत का प्रांतीय संगठन मंत्री पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति पद भारत विकास परिषद (सेन्ट्रल रीजन) के रीजनल अध्यक्ष इंजी सुनील कोठारी, रीजनल महासचिव सुधीर अग्रवाल, रीजनल महासचिव श्रेयांश जैन और संयुक्त रीजनल महासचिव अनूप अग्रवाल, पूर्णोदू भट्टा ने सामूहिक रूप से की है। संगठन मंत्री बनाये जाने पर जैन समाज और भारत विकास परिषद के पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई प्रेषित की। यह जानकारी जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने दी।

### शोरूम के काउंटर में रखे रुपए ले गए चोर

**ग्वालियर 1 अप्रैल.** झांसी रोड थाना क्षेत्र के नाका चंद्रवदनी पुल के पास स्थित इलेक्ट्रिक बाइक शोरूम के काउंटर में रखे रुपए चोरी हो गए और वारदात सीसीटीवी में वारदात कैद हुई है लेकिन फुटेज पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हैं। पुलिस के अनुसार 47 हजार रुपए चोर ले गया, जबकि चोरी गई रकम लाखों में बताई गई है। पुलिस अज्ञात चोर की तलाश में जुटी है। दिनेश शिवहरे निवासी शिवहरे कॉलोनी मुरार का झांसी रोड स्थित नाका चंदवदनी पुल के पास इलेक्ट्रिक बाइक व स्कूटी का शोरूम है। बीते दिनों उन्होंने रात में शोरूम का ताला लगाया और घर चले गए। सुबह जब शोरूम खोला और काउंटर पर गए तो वहां रखी रकम गायब थी। दिनेश शिवहरे ने तुरंत दुकान में लगे सीसीटीवी देखे तो अल सुबह एक चोर मुंह पर कपड़ा बांधे हुए ऊपर छत की तरफ से आता हुआ दिखाई दिया। चोर छत के रास्ते से आया और काउंटर पर पहुंचा। काउंटर खोलकर उसने गल्ले में रखे रुपये समेट कर फरार हो गया

### मायके गई महिला का सूना घर चोरों ने किया साफ

**ग्वालियर 1 अप्रैल.** चंदन नगर में रहने वाली महिला कुछ दिन के लिए मायके गई और चोरों के उसके घर में पांव पड़ गए। चोरों ने घर के सूना होने का पूरा फायदा उठाया और सामान की तलाशी ली। अज्ञात चोर महिला के घर से सोने-चांदी के जेवरात ले गए जिनकी कीमत डेढ़ लाख रुपए से अधिक बताई गई है। वारदात 28 मार्च से 31 मार्च के बीच है। ग्वालियर थाना पुलिस ने मामला कायम कर जांच शुरु कर दी है। कल्पना कुशवाह पत्नी नरेश कुशवाह निवासी श्मशान घाट के पास 28 मार्च को अपने मायके गई थीं। मायके में कुछ दिन रुकने के बाद मंगलवार दोपहर जब वह वापस घर आईं तो हालत देखकर चौंक गई अलमारी में रखे रुपए किसी ने निकाल लिए थे। अज्ञात चोर जिस रास्ते से आया उसी से निकल भागा। दिनेश शिवहरे कुछ दिन तक अपने स्तर पर ही पता करने में लगे रहे कि चोरी की वारदात किसने की, इसका पता लगाते रहे, लेकिन जब हाथ कुछ नहीं लगा तो मंगलवार को झांसी रोड थाने पहुंचे और मामला कायम कराया। झांसी रोड थाना टीआई शक्ति यादव ने बताया कि चोरी की वारदात का सीसीटीवी फुटेज मिला है, लेकिन उसमें कुछ स्पष्ट नजर नहीं आ रहा। चोर मुंह पर कपड़ा बांधे हैं, इसलिए अभी तक उसकी पहचान नहीं हो सकी है।




### पंजाबी परिषद की स्टेशन पर नि:शुल्क जल सेवा 5 से

**ग्वालियर 1 अप्रैल.** पंजाबी परिषद समिति ग्वालियर के तत्वावधान में 5 अप्रैल रविवार को ग्वालियर रेल्वे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 1, पार्सल ऑफिस के पास समय प्रात: 10.30 बजे जल सेवा का शुभारंभ होगा। जिसमें समिति के मुख्य संरक्षक कुलवीर भारद्वाज, अध्यक्ष अशोक मारवाह, प्रमिला मार वाह (जल संयोजिका), कोषाध्यक्ष आत्म प्रकाश मोंगिया, बी के आनन्द, एच सी कोचर (फूलबाग गुरुद्वारा), डॉक्टर पुरेंन्द्र भसीन (अपोलो हॉस्पिटल),, डॉक्टर राहुल सप्रा, अनिल मल्होत्रा, मोहनलाल अरोरा, राम कुमार चौपड़ा, विनोद सूरी, बबीता डाबर, मनोहरलाल भल्ला, भूषण भल्ला, ममता भल्ला, श्याम भल्ला, मीना भल्ला, सुमन चावला, अजय सप्रा, संजय सप्रा, पी के डी राठौर, एडवोकेट बी वर्मा, आकाश जी (चंडीगढ़),, नवीन चानना, गौरव अरोरा, अरोरा, संतोष मोंगिया, के बी निर्मल गम्भीर, नरेंद्र बेदी, साकेत आनंद, अनिल कपूर-अनीता कपूर, रीना कपूर, रीता मल्होत्रा, संगीता मल्होत्रा, पंकज चौहान, राजीव हरितवाल, इंदू चौपड़ा, ममता वालिया, सविता अरनेजा, सुनीता शर्मा, दीपेश-शोभा शौरी, रीना गंडोत्रा, सिम्मी कुकरेजा, सी पी श्रीवास्तव एवं मीडिया प्रभारी राजू शर्मा एवं अन्य सभी जल सेवक जल सेवा में उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी राजू पंडित ने दी।

# पहले ही मैच में घर में हारी एलएसजी

## लखनऊ सुपर जायंट्स के 141 रन के जवाब में दिल्ली ने 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया

**लखनऊ 1 अप्रैल.** आईपीएल 2026 में लखनऊ सुपर जायंट्स को पहले ही मैच में हार का सामना करना पड़ा. दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ को 6 विकेट से मात दी. पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम पूरे 20 ओवर भी नहीं खेल पाई और 18.4 ओवर में 141 रनों पर सिमट गई.

लखनऊ के लिए अब्दुल समद ने सबसे ज्यादा 36 रन बनाए वहीं सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श ने 35 रनों का योगदान दिया. दिल्ली के लिए टी नटराजन और लुंगी एंगिडी ने 3-3 विकेट अपने नाम किए.



कुलदीप यादव को 2 सफलता मिलीं जबकि कप्तान अक्षर पटेल को 1 विकेट मिला. लखनऊ के स्कोर के जवाब में दिल्ली ने 18वें ओवर की पहली गेंद पर 4 विकेट खोकर 142 रनों का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया।

अब्दुल समद द्वारा डाली गई 18वें ओवर की पहली गेंद पर समीर रिजवी ने छक्का जड़ा, इसी के साथ दिल्ली कैपिटल्स ने लक्ष्य को 17 गेंद बाकी रहते हासिल किया. समीर रिजवी और ट्रिस्टन स्टब्स ने टीम को जीत दिलाने में अहम योगदान दिया. दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 119* (76 गेंद) रनों की साझेदारी की. टीम के लिए समीर रिजवी ने सबसे बड़ी पारी खेलते हुए 47 गेंदों में 5 चौके और 4 छक्कों की मदद से 70* रन स्कोर किए. इस दौरान लखनऊ के लिए प्रिंस यादव ने सबसे ज्यादा 2 विकेट चटकाए. जल्दी 4 विकेट गिर जाने के बाद समीर रिज्वी और ट्रिस्टन स्टब्स ने पांचवें विकेट के लिए साझेदारी करना शुरू की.

### स्कोर बोर्ड

**लखनऊ सुपर जायंट्स बल्लेबाजी -**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मिशेल कै. स्टब्स बो. कुलदीप | 35 | 28 | 2 | 3 |
| ऋषभ पंत रन आउट | 7 | 9 | 1 | 0 |
| एडेन मार्कराम बो. पटेल | 11 | 8 | 1 | 1 |
| बडोनी कै. राहुल बो. नटराजन | 0 | 3 | 0 | 0 |
| निकोलस पूरन बो. एनगिडी | 8 | 8 | 1 | 0 |
| समद कै. मिलर बो. नटराजन | 36 | 25 | 3 | 1 |
| मुकुल चौधरी कै. एंड बो. कुलदीप | 14 | 11 | 2 | 0 |
| शाहबाज़ अहमद नाबाद | 15 | 16 | 1 | 0 |
| मो. शमी कै. कुलदीप बो. नटराजन | 1 | 2 | 0 | 0 |
| नॉर्टजे कै. स्टब्स बो. एनगिडी | 0 | 1 | 0 | 0 |
| मोहसिन खान कै. मुकेश बो. एनगिडी | 0 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त** 14, **कुल** 141 रन

**गेंदबाजी दिल्ली-** मुकेश कुमार 3-0-17-0 लुंगी एन्गिडी 3.4-0-27-3, अक्षर पटेल 3-0-17-1, टी नटराजन 4-0-29-3, कुलदीप यादव 4-0-31-2, विप्रज निगम 1-0-8-0

**दिल्ली बल्लेबाजी**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| राहुल कै. मोहसिन बो. शमी | 0 | 1 | 0 | 0 |
| पथुम निसांका कै पंत बो. प्रिंस | 1 | 5 | 0 | 0 |
| नितीश कै. समद बो. मोहसिन | 15 | 17 | 2 | 1 |
| समीर रिज़वी नाबाद | 70 | 47 | 5 | 4 |
| अक्षर पटेल बो. प्रिंस यादव | 0 | 1 | 0 | 0 |
| स्टब्स नाबाद | 39 | 32 | 3 | 1 |

**अतिरिक्त 20**

**कुल 17.1 ओवर में 145/4**

**लखनऊ गेंदबाजी-** मोहम्मद शमी 4-0-28-1, प्रिंस यादव 3-0-20-2, मोहसिन खान 4-1-19-1, एनरिच नॉर्टजे 4-0-39-0, शाहबाज़ अहमद 1-0-16-0, एडेन मार्कराम 1-0-13-0, अब्दुल समद 0.1-0-6-0

### जेयू के चार संकायाध्यक्ष बने कार्यपरिषद सदस्य

**ग्वालियर 1 अप्रैल.** जीवाजी विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद (ईसी) में डीन कोटे से चार संकायाध्यक्षों को सदस्य नामित किया गया है। यह नियुक्ति मध्यप्रदेश विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 23 की उपधारा (1) के खण्ड (दो) के तहत की गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार विधि संकाय के डीन प्रो. गणेश दुबे, टेक्नोलॉजी संकाय के डीन प्रो. मनोज शर्मा, विज्ञान संकाय के डीन प्रो. एसएन महापात्रा और जीव विज्ञान संकाय के डीन प्रो. समीर भाग्यवंत को कार्यपरिषद का सदस्य बनाया गया है। यह आदेश राज्यपाल सचिवालय से प्राप्त निर्देशों के आधार पर जारी किया गया है। इसके तहत कुलाधिपति द्वारा इन नामों को मंजूरी दी गई, जिसके बाद विश्वविद्यालय कुलसचिव प्रो. राजीव मिश्रा ने अधिसूचना जारी कर दी। वहीं अब राज्यपाल कोटे के ईसी मेंबरों की सूची आने का इंतजार है।

# शहर में कार्ययोजना बनाकर जल गंगा संवर्धन अभियान को मूर्त रूप दें : कलेक्टर

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 1 अप्रेल।** ग्वालियर शहर में वार्डवार कार्ययोजना बनाकर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण व संवर्धन के कार्य कराए जाएं। साथ ही नालों के कैचमेट के अतिक्रमण प्रमुखता से हटवाएं, जिससे बरसात के दौरान जल भराव की स्थिति निर्मित न हो। इस आशय के निर्देश कलेक्टर रुचिका चौहान ने अंतरविभागीय समन्वय बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा के दौरान दिए। उन्होंने जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान को मूर्तरूप देने के लिये विभागवार बनाई गई कार्ययोजनाओं की विस्तार से



समीक्षा की। बुधवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई बैठक में साधना सप्ताह, ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखकर बनाई गई पेयजल कार्ययोजना व सीएम हेल्पलाइन सहित शासन की प्राथमिकता वाले अन्य कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर कुमार सत्यम एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह रावत सहित जिले के एसडीएम एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा के दौरान जोर देकर कहा कि महाविद्यालयों व छात्रावासों व औद्योगिक इकाईयों के भवनों सहित सभी विभागों के सार्वजनिक भवनों में अभियान बतौर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाएँ बनवाई जाएं। उन्होंने सभी विभागों के जिला अधिकारियों को भी अपने-अपने घर में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाएँ बनवाकर फोटोग्राफ भेजने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि ग्रामीण अंचल में ऐसी जगह पर नए तालाब बनवाएं, जिससे बरसात में तालाब भर सकें। बैठक में बताया गया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्रामीण अंचल में 930 खेत तालाब, लगभग एक दर्जन अमृत सरोवर, 854 कूप रीचार्ज संरचना सहित अन्य संरचनाओं का निर्माण कराया जा रहा है। कलेक्टर ने पूर्व के वर्षों में बने तालाबों के कैचमेंट एरिया से अतिक्रमण हटवाने पर बल दिया। साथ ही कहा कि तालाबों व अमृत सरोवरों को राजस्व रिकॉर्ड में भी दर्ज कराएं। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान में सहयोग के लिये अधिक से अधिक 'अमृत मित्र' (वाटर वॉलेंटियर) पंजीकृत करने के लिये भी कहा। ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखकर ग्रामीण व जिले के सभी शहरी क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में प्याऊ स्थापित करने के निर्देश भी बैठक में दिए गए। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने सभी प्याऊ के फोटोग्राफ भेजने के निर्देश दिए हैं। गर्मी के मौसम में पेयजल की सुचारू आपूर्ति बनाए रखने पर भी कलेक्टर रुचिका चौहान ने विशेष जोर दिया। उन्होंने नगर निगम के अपर आयुक्त को निर्देश दिए कि पिछले साल जिन बस्तियों में पेयजल समस्या सामने आई थी, वहां पेयजल आपूर्ति की विशेष व्यवस्था करें। उन्होंने ग्रामीण अंचल की भी पेयजल कार्ययोजना की समीक्षा की। साथ ही निर्देश दिए कि समस्यामूलक गाँवों में नए नलकूप खनन के लिये क्षेत्रीय विधायकों से विधायक निधि से धनराशि उपलब्ध कराने का आग्रह करें। साथ ही विभागीय मद से भी तेजी के साथ समस्यामूलक बस्तियों में हैंडपंपों का खनन कराया जाए। जिन नल जल योजनाओं के मोटर पंप खराब हैं और पाइप लाइन में दिक्कत है उन्हें 15वें वित्त आयोग से ठीक कराएं, जिससे ग्रीष्म ऋतु में पेयजल आपूर्ति में बाधा न आए।

# शहर की तीन बावड़ियों को वाटर हार्वेस्टिंग कर किया पुनर्जीवित

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 1 अप्रेल।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत स्मार्ट सिटी कॉर्पोरेशन ने तीन बावड़ियों को वाटर हार्वेस्टिंग कर पुनर्जीवित किया है। इन बावड़ियों में हर साल 50 लाख लीटर पानी का संरक्षण हो सकेगा। बावड़ियों की सुरक्षा एवं इसमें कचरा नहीं जाए इसके लिए इनके संधारण का कार्य किया गया है, साथ ही कचरे को रोकने के लिए बावडियों पर लोहे का जाल भी लगाया जा रहा है। और इन बावडियों का पानी अब आमजन पीने के लिये प्रयोग कर सकेगे, इसके लिए तीनों बावडियों में आरओ प्लांट का भी प्रावधान किया गया है। आरओ प्लांट से पानी फिल्टर होने के बाद वाटर कूलरों में जाएंगा जहां से लोग ठंडे पानी से अपनी प्यास बुझा सकेंगे।

नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने जानकारी देते हुये बताया



कि स्मार्ट सिटी द्वारा शहर की एसएएफ की द्वितीय वाहिनी में बनी स्टेटकाल के समय की बावड़ी, सेनापति हनुमान मंदिर कांचमील, एवं इटालियन गार्डन में बनी बावडियों को पूर्नजीवित करने का कार्य किया है। तीनों बावड़ियों में संधारण इत्यादि का कार्य पूर्ण हो चुका है, अब सिर्फ फिनिशिंग का कार्य चल रहा है। इस परियोजना के तहत तीनों बावड़ियों के संरक्षण के लिए पहले बावड़ी के अंदर से कचरा निकाला गया, इसके बाद बावड़ी के टूटे एवं क्षतिग्रस्त हिस्सों को ठीक किया गया। इसके बाद तीनों बावड़ियों के पास ही बारिश के पानी को फिल्टर करने के लिए वाटर हार्वेस्टिंग किट लगाई गई है। इस किट से पानी फिल्टर होकर सीधे बावड़ियों में जाएगा। जिससे भूजलस्तर भी बढ़ेगा साथ ही यहां पर आने वाले पर्यटकों की प्यास भी बुझ सकेगी। तीनों बावड़ियों का संरक्षण और संधारण का कार्य लगभग 97 लाख रुपए की लागत से किया गया है। जिसमे बावड़ी के संधारण, वाटर हार्वेस्टिंग किट एवं पुताई एवं अन्य कार्य शामिल है।

#### इन बावड़ियों में हर साल इतना पानी होगा संरक्षित

द्वितीय वाहिनी एसएएफ में वाटर हार्वेस्टिंग के लिए अस्तबल की छत एवं आसपास के मैदान का पानी बावड़ी में पहुंचाया जाएगा। यह काफी बड़ा क्षेत्र है, जिससे बावड़ी में बारिश का लगभग 22 से 23 लाख लीटर पानी हर साल संरक्षित होगा। जबकि इटालियन गार्डन की बावड़ी में हर साल 5 से 6 लाख लीटर पानी संरक्षित होगा। वहीं सेनापति हनुमान मंदिर का क्षेत्र काफी बड़ा है। यहां पर मैदान को लेवल कर उसका पानी बावड़ी में लाया जाएगा। यहां भी हर साल बारिश का लगभग 22 से 25 लाख लीटर पानी संरक्षित होगा।

# अपर आयुक्त ने सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण


नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 1 अप्रेल।** शहर की साफ सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए निगम के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निरंतर निरीक्षण एवं मॉनीटरिंग की जा रही है। इसी के अंतर्गत अपर आयुक्त टी प्रतीक राव ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा सफाई में लापरवाही पाए जाने पर जोनल हेल्थ ऑफिसर क्षेत्र क्र-15 एवं डब्ल्यू.एच.ओ वार्ड क्र 34 को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। उल्लेखनीय है कि नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशन में नगर निगम के स्वास्थ अमले द्वारा निरंतर बेहतर कार्य करने के प्रयास किए जा रहे हैं तथा सफाई व्यवस्था की मॉनीटरिंग लगातार संबंधित क्षेत्र के अधिकारी कर रहे हैं, अपर आयुक्त टी प्रतीक राव शहर के विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिदिन भ्रमण कर सफाई व्यवस्था को ठीक किया जा रहा हैं। इसी के तहत आज बुधवार को अपर आयुक्त टी प्रतीक राव द्वारा दक्षिण विधानसभा अंतर्गत वार्ड क्रमांक 34, 43, 50, 06 एवं 07 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वार्ड 34, 43, 06, 07 में जगह-जगह गंदगी के ढेर पाये गये, जिन्हे तत्काल साफ कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गये। सफाई व्यवस्था में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित जोनल हेल्थ ऑफिसर क्षेत्र क्र-15 एवं डब्ल्यू.एच.ओ वार्ड क्र 34 को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

# सुन्दरकाण्ड पाठ के साथ तरण पुष्कर में होगा तैराकी के नवीन सत्र का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 1 अप्रेल।** नगर निगम ग्वालियर द्वारा सिटी सेंटर में संचालित तरण पुष्कर (स्विमिंग पूल) में नवीन तैराकी सत्र का शुभारंभ 2 अप्रेल को सुन्दरकांण्ड पाठ के साथ किया जाएगा। इस हेतु आज संबंधित अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। नोडल अधिकारी खेल बी के त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 03 अप्रेल से तरण पुष्कर को आमजन के लिए खोला जाना है। तरण



पुष्कर आमजन के लिए खोले जाने से पूर्व दिवस 02 अप्रेल गुरुवार को श्री हनुमान जी की आराधना हेतु प्रात: 9 बजे से सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जा रहा है। सुंदरकांड पाठ का आयोजन पूर्ण होने पर आरती एवं प्रसादी उपरांत प्रात: 11 बजे तैराकी के नवीन सत्र का औपचारिक शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से महापौर डॉ शोभा सतीश सिंह सिकरवार एवं सभापति मनोज तोमर, नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय, विशेष रूप से अंतर्राष्ट्रीय पैरा तैराक एवं नगर निगम ग्वालियर के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर पदमश्री सत्येंद्र लोहिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं खिलाड़ी उपस्थित रहेंगे। इसके उपरांत 03 अप्रेल से तरण पुष्कर का संचालन आमजनों के लिए किया जाएगा।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड-गुना

क्रमांक 988 / व.ले.लि / 2025-26/का.यं/लो.स्वा.यां.वि/गुना, दिनांक 26/03/2026

**निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 01/व.ले.लि / 2026-27**

निम्न लिखित कार्य की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर खंड गुना अंतर्गत पी एच ई परिसर एवं केंद्रीय भण्डार गृह परिसर में बाउंड्रीवाल एवं अन्य निर्माण कार्य हेतु निविदाएँ निम्नानुसार आमंत्रित हैं।

| सक्र. | निविदा क्रमांक /दिनांक | सिस्टम क्रमांक | विकासखण्ड | निविदा की कुललागत रू. (लाख में) | धरोहरराशि (EMD) निविदा प्रपत्रका मूल्य | कार्यपूर्ण कर ने की अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | NIT NO. 01/ ProCell/EE / PHED/2026-27 Guna26-03-2026 | 2026_PHED_ 495288_1 | ------- | 3.05 | रु 6100/ रु 2000/ | 15 दिवस वर्षाकाल सहित | नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली |

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

ऑनलाईन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिमतिथि : 06/04/2026 17:30 बजे
ऑनलाईन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि :06/04/2026 17:30 बजे
ऑनलाईन निविदा दर खोलने की तिथि :07/04/2026 11:00 बजे

निविदा फार्म ऊपर दर्शित बेवसाईटपर (online system) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाईन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते है। निविदा एंव उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शायी गई बेवसाईट पर देखें।

(श्रीमति ऋतु किरार)
कार्यपालन यंत्री,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग,
खण्ड गुना (म.प्र.)

G-11012/26


# सुरक्षित मातृत्व और नवजात की बेहतर देखभाल के लिए आरजेएन अपोलो स्पेक्ट्रा बना भरोसेमंद केंद्र

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 1 अप्रैल.** आज के समय में हर परिवार चाहता है कि गर्भावस्था से लेकर प्रसव और नवजात शिशु की देखभाल तक सभी सुविधाएँ सुरक्षित और विशेषज्ञों की निगरानी में उपलब्ध हों। इसी उद्देश्य के साथ RJN Apollo Spectra Hospital में आधुनिक Mother & Child Care Department जहाँ माँ और शिशु की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे की जा रही है।

अस्पताल में अनुभवी स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रचना डोगरा (Gynaecologist) गर्भवती महिलाओं को सम्पूर्ण देखभाल और मार्गदर्शन प्रदान करती हैं। गर्भावस्था के दौरान नियमित जाँच, संतुलित आहार और समय पर चिकित्सकीय सलाह माँ और शिशु दोनों के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

#### डॉक्टरों की राय

डॉ. रचना डोगरा, स्त्री रोग विशेषज्ञ कहती हैं कि 'गर्भावस्था के दौरान नियमित जांच और विशेषज्ञों की निगरानी माँ और शिशु दोनों के स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी है। सही समय पर जाँच और उचित देखभाल से अधिकांश जटिलताओं को रोका जा सकता है।' नवजात शिशुओं की देखभाल के लिए अस्पताल में अनुभवी नियोनेटोलॉजिस्ट डॉ. विजय गुप्ता की सेवाएँ उपलब्ध हैं।

डॉ. विजय गुप्ता के अनुसार, 'जन्म के तुरंत बाद शिशु की सही चिकित्सा देखभाल और निगरानी बहुत महत्वपूर्ण होती है, जिससे शिशु के स्वस्थ विकास की मजबूत शुरुआत सुनिश्चित की जा सकती है।'

बच्चों के समग्र स्वास्थ्य और विकास के लिए बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. मालविका बी.जी. की विशेषज्ञ सेवाएँ भी उपलब्ध हैं।

डॉ. मालविका बी.जी. बताती हैं कि 'नियमित टीकाकरण, संतुलित पोषण और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच बच्चों के बेहतर शारीरिक और मानसिक विकास के लिए आवश्यक है।'

अस्पताल में आधुनिक लेबर रूम, उन्नत चिकित्सा उपकरण और प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ के साथ माताओं को सुरक्षित और आरामदायक वातावरण प्रदान किया जाता है।

# भाजपा सरकार में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी पर कांग्रेस का हमला

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 1 अप्रेल।** केन्द्र की भाजपा की सरकार ने कमर्शियल गैस सिलेंडर और प्रदेश की मोहन यादव सरकार ने बिजली के टेरिफ में जो बढ़ोतरी की है उससे पहले से ही मंहगाई का बोझ झेल रही है।

कांग्रेस ने कहा कि जनता के घावों पर महरम लगाने की जगह नमक छिड़कने का काम किया है, भाजपा सरकार की तानाशाही और मनमानी का तीखा विरोध करते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव ने केन्द्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कीमतों में की गई वृद्धि ने हालात और भी गंभीर बना दिए हैं। ग्वालियर में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत अब लगभग 2000 रुपये के आसपास पहुंच गई है, जो छोटे होटल, ढाबा संचालक, चाय-नाश्ते की दुकानों और खानपान से जुड़े व्यवसायियों के लिए भारी आर्थिक बोझ साबित हो रही है। इससे उनकी लागत बढ़ गई है और आम उपभोक्ता को भी महंगा भोजन खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है । इसके साथ ही गैस सिलेंडरों की अपर्याप्त उपलब्धता, कालाबाजारी और मुनाफाखोरी ने हालात को और विकट बना दिया है।

जरूरतमंद उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं, जबकि दूसरी ओर कुछ लोग इसका गलत फायदा उठाकर अधिक कीमत वसूल रहे हैं।


## कार्यालय सिविल सर्जन एवं सचिव रोगी कल्याण समिति जिला चिकित्सालय मुरार ग्वालियर

**निविदा आमंत्रण सूचना**

रोगी कल्याण समिति मुरार द्वारा हनुमान चौराहा ग्वालियर मे निर्मित दुकानों का 05 वर्षों के लिये अस्थाई रूप से किराये पर दिए जाने हेतु सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। दुकानों का विवरण निम्नानुसार हे।

| क्रमांक | दुकान का विवरण | निविदा के साथ संलग्न की जाने वाली धरोहर राशि | मासिक लायसेंस शुल्क (किराया राशि) | आरक्षण की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | हनुमान चौराहा भूतल (कुल 13 दुकानें साईज- 15.20 वर्गमीटर प्रत्येक भवन की दशा-नवीन भवन<br>दुकान क्रमांक 1 एवं 9<br>दुकान क्रमांक 2 एवं 10<br>दुकान क्रमांक 3<br>दुकान क्रमांक -4<br>दुकान क्रमांक -5<br>दुकान क्रमांक -6,7,8,11,12 एवं 13 | रू. 1,06,400.00 प्रत्येक दुकान | रू. 6,000.00 प्रतिमाह प्रति दुकान | अ.जा. / ज.जा.<br>अन्य पिछडा वर्ग<br>विधवा/परित्यकता/विकलांग<br>भूतपूर्व सैनिक / स्वतंत्रता संग्राम सेनानी<br>शिक्षित बेराजगार<br>महिला अनारक्षित |

इच्छुक निविदाकार निविदा प्रपत्र एवं शर्ते विज्ञप्ति जारी होने के दिनांक 21.04.2026 से कार्यालयीन कार्य दिवसों एवं समय में रोगी कल्याण समिति मुरार ग्वालियर में रू. 1000 जमाकर प्राप्त कर सकते है। भरी हुई निविदाएं दिनांक 24.04.2026 को सायं 05:00 बजे तक कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकेगी। तथा प्राप्त निविदाओं को दिनांक 29.04.2026 को दोपहर 01:00 बजे निविदादाताओं एवं समिति के समक्ष खोला जाएगा। निविदाएं खोलते समय निविदाकार अथवा उसका प्रतिनिधि उपस्थित रह सकता है। इस हेतु प्रथक से कोई सूचना जारी नही की जावेगी। दुकानों के आवंटन में नियमानुसार आरक्षण रहेगा।

सिविल सर्जन एवं सचिव रोगी कल्याण समिति
जिला चिकित्सालय मुरार ग्वालियर

G-11027/26